अमर उजाला

बृहस्पतिवार
वाराणसी
26 नवंबर, 2009

● आगरा ● बरेली ● मेरठ ● मुरादाबाद ● कानपुर ● देहरादून ● इलाहाबाद ● झांसी ● चंडीगढ़ ● वाराणसी ● जालंधर ● नई दिल्ली ● नैनीताल ● जम्मू ● धर्मशाला ● अलीगढ़ ● गोरखपुर ● लखनऊ

visit us on www.amarujala.com

महानगर वर्ष 7 अंक 309, पृष्ठ : 16 मूल्य : तीन रुपये पचास पैसे

स्पोर्ट्स

आस्ट्रेलियाई प्रशंसकों की नजर में सचिन नहीं धोनी हैं नंबर वन

दुनिया डॉट कॉम

मिशेल की 'अप्रिय' तस्वीर के लिए गूगल ने मांगी माफी

लाइमलाइट

कोंकणा सेन का रणवीर शौरी से ब्रेकअप हुआ

SBI DEMAT
ONLINE TRADING
1st year AMC of Rs. 400/- waived off.
SMS: 'SBIDEMAT' to 58888
Call: 1800112211 (Toll Free)

लड़ाकू विमान में उड़ान भरने वाली पहली महिला राष्ट्राध्यक्ष बनीं पाटिल

74 साल की पाटिल
30 मिनट का सफर
2.7 किमी की ऊंचाई
800 किमी/घंटा रफ्तार

मैडम सुप्रीम कमांडर का कीर्तिमान

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज होगा राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल का नाम

अद्भुत थी यह उड़ान

पुणे। युद्धक विमान सुखोई-30 एमकेआई में तीस मिनट की सुखद उड़ान भर कर मैडम सुप्रीम कमांडर प्रतिभा पाटिल ने बुधवार को अपने नाम एक कीर्तिमान दर्ज करा लिया। वह ऐसा करने वाली दुनिया की पहली महिला राष्ट्राध्यक्ष बन गई हैं। 74 वर्षीय प्रतिभा ने इसके साथ ही किसी भी युद्धक विमान में 30 मिनट यात्रा करने वाली सबसे उम्रदराज महिला का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इस ऐतिहासिक उड़ान के अनुभव को राष्ट्रपति ने अद्भुत तथा अनूठा बताया। सुखोई में उड़ान भरने वाली प्रतिभा देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं।

खबर पेज 2 पर ▸▸

8 जून 2006 को तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भी सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान का हौसला दिखाया था। लड़ाकू विमान में उड़ान भरने वाले वह पहले राष्ट्रपति बने थे। कलाम भी तब 74 साल के थे।

22 जून 2003 को तत्कालीन रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडिस ने भी लोहेगांव एयरफोर्स से ही सुखोई विमान में उड़ान भरी थी।

सोना पहुंचा 18 हजार

नई दिल्ली। अगर आप सस्ते सोने की आस लगाए बैठे थे तो यह खबर आपको निराश कर सकती है। सोने की कीमतों में हैरतअंगेज तेजी जारी है। भारत के अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 200 टन सोने की खरीदारी से शुरू हुई बहुमूल्य धातु के भाव में आई तेजी बुधवार को घरेलू बाजार में 18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई।

शादी-ब्याह के लिए स्टॉकिस्टों की लिवाली से राजधानी के सराफा बाजार में सोने के भाव ने जहां ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया वहीं कुछ राष्ट्रों के सोना खरीदने संबंधी खबरों और डॉलर की कमजोरी से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,180.20 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।शादी के मौसम में खरीदारी से बुधवार को सोना 220 रुपये की तेजी के साथ 18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। **एजेंसी**

संबंधित खबर बिजनेस मंत्र पर ▸▸

सोने की बढ़ती कीमतें

दिनांक	कीमत
25 नवंबर, 09	18,000
12 नवंबर, 09	17,150
5 सितंबर, 09	16,000
17 फरवरी, 09	15,420
27 जनवरी, 09	14,200
13 मार्च, 08	13,025
21 फरवरी, 08	12,030
3 जनवरी, 08	11,000
26 अक्तूबर, 07	10,050

(रुपये/दस ग्राम)

झलक

सिपाही की राइफल से चलीं गोलियां, दो जवान मरे

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के हंदवाड़ा क्षेत्र के विलगाम में 66 आरआर कैंप में बुधवार को हवलदार अमित कुमार की राइफल से अचानक गोलियों चल गईं, जिससे दो जवानों की मौत हो गई। इसका केस दर्ज कर लिया गया है। मृतक सैन्य जवानों की पहचान हवलदार विक्रम सिंह और लांस नायक कुलदीप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस मुख्यालय बारामुला के मुताबिक मृतकों का पोस्टमार्टम करवाकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पूछा मंत्री का नाम

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना आयोग ने उच्चतम न्यायालय से उस केंद्रीय मंत्री का नाम पूछा है जिसने एक फैसले को प्रभावित करने के लिए कथित तौर पर मद्रास उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश से संपर्क किया था। आयोग ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के साथ उस उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के बीच पत्राचार का संपूर्ण ब्यौरा भी मांगा है।

कानपुर टेस्ट

पीटीआई



कानपुर में बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में राहुल द्रविड़ ने पूरी की सेंचुरी।

बॉर्डर से आगे निकले द्रविड़

कानपुर। राहुल द्रविड़ ने 144 रन की पारी खेल एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। अपने 28वें टेस्ट शतक के साथ ही द्रविड़ ने आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बोर्डर के 11,174 रन के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। ...स्पोर्ट्स ▸▸

2012-13 में मिशन

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को कहा कि चंद्रयान-2 प्रक्षेपित करने पर विचार किया जा रहा है और इसके लिए 425 करोड़ के बजट को अनुमोदित किया गया है। पीएमओ में राज्य मंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने एक सवाल के लिखित जवाब में लोकसभा को यह जानकारी दी।

युगल ने काटी हाथ की नसें

ज्ञानपुर। पांच महीने पहले रामपुर गांव से भागा प्रेमी युगल बुधवार को कोर्ट में पेश हुआ था। नाबालिग होने पर प्रेमिका को नारी संरक्षण गृह और युवक को जेल भेजा जा रहा था। साथी से जुदा होने के गम में दोनों ने मौका मिलते ही कचहरी परिसर में ही अपने हाथों की नसें काट लीं। ...पेज 4 ▸▸

हड़ताल से कामकाज ठप

लखनऊ। राज्य कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल से प्रदेश के कई जिलों में सरकारी कार्यालयों का कामकाज काफी प्रभावित रहा। कोषागारों पर भी हड़ताल का असर देखा गया। जिलाधिकारी कार्यालय भी प्रभावित रहे। ...भीतर ▸▸

मुंबई के कातिलों पर कसा शिकंजा

पाक में लखवी सहित 7 पर आरोप तय

इसलामाबाद। 26/11 की बरसी से ठीक एक दिन पहले मुंबई के कातिलों पर पाकिस्तान में भी शिकंजा कसता दिख रहा है। मुंबई हमलों की साजिश रचने और इन्हें अंजाम देने में मदद करने के आरोपी लश्कर-ए-ताइबा के ऑपरेशन कमांडर जकीउर रहमान लखवी सहित सात आतंकियों पर बुधवार को पाकिस्तान की एक आतंकवाद निरोधी अदालत ने आरोप तय कर दिए। साथ ही अजमल कसाब सहित 16 लोगों को भगोड़ा अपराधी घोषित किया है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 5 दिसंबर की तारीख मुकर्रर की है।

सुरक्षा कारणों से रावलपिंडी की अदियाला जेल में ही मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश मलिक मुहम्मद अकरम अवान ने सात आरोपियों पर औपचारिक तौर पर आरोप तय किए। इनमें लखवी के अलावा जरार शह, अबू अल कामा, हमद अमीन सादिक, शाहिद जमील रियाज, जमील अहमद और यूनुस अंजुम हैं। लखवी और छह अन्य आतंकियों पर हमलावरों को पनाह और ट्रेनिंग देने के आरोप हैं। उन पर नौकाओं से आने-जाने की व्यवस्था करने, मोबाइल व अन्य संचार उपकरण मुहैया कराने के भी आरोप हैं। हालांकि आरोपियों के वकील ने इसका विरोध किया और कहा कि आरोपों के संबंध में साक्ष्य नहीं है।

साजिश के हमराह

लखवी, जरार शह, अबू अल कामा, हमद अमीन सादिक, शाहिद जमील रियाज, जमील अहमद और यूनुस अंजुम

लश्कर-ए-ताइबा का ऑपरेशन कमांडर है जकीउर रहमान लखवी

- कसाब सहित 16 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया
- अगली सुनवाई के लिए 5 दिसंबर की तारीख मुकर्रर की गई

न्यायाधीश ने इसके अलावा 16 लोगों को भगोड़ा अपराधी घोषित करने के साथ-साथ कुछ आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। सूत्रों के मुताबिक भगोड़ा घोषित अपराधियों में मुंबई हमलों के दौरान गिरफ्तार एकमात्र जीवित आतंकवादी कसाब और हमलावरों द्वारा उस समय इस्तेमाल की गई दो नौकाओं के चालक दल के सदस्य शामिल हैं। इससे पहले सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकीलों ने मांग की थी कि कसाब को अन्य आरोपियों के साथ मुकदमे का सामना करने के लिए पाकिस्तान लाया जाए। आतंकवाद निरोधी अदालत में इस मामले की सुनवाई से मीडिया को दूर रखा गया है। पत्रकारों को सुनवाई या फैसले के संबंध में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी जा रही है।

भारत ने पाक पर मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में नहीं लाने का आरोप लगाया था। कसाब और नौ अन्य आतंकी समुद्र के रास्ते मुंबई पहुंचे थे और 26 नवंबर 2008 को ताजमहल होटल व छत्रपति शिवाजी टर्मिनस सहित कई स्थानों पर हमले किए थे, जिसमे करीब 180 लोगों की जान चली गई थीं। **एजेंसी**

संबंधित खबरें पेज 2/ लाइमलाइट पर ▸▸
संबंधित आलेख संपादकीय पेज पर ▸▸

बीएचयू आईटी को आईआईटी दर्जा शीघ्र

नई दिल्ली। बीएचयू आईटी को आईआईटी का दर्जा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। उम्मीद है कि दो-तीन माह के भीतर देश को सोलहवीं और उत्तर प्रदेश को दूसरी आईआईटी मिल जाएगी। मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री डी. पुरंदेश्वरी ने बुधवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। बीएचयू प्रौद्योगिकी संस्थान को आईआईटी बनाने का ऐलान तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने मार्च 2008 में किया गया था।

उम्मीद

पुरंदेश्वरी ने लोकसभा में दी जानकारी

डेढ़ साल से अटके इस मामले को तेजी से निबटाने के राज्यमंत्री के आश्वासन पर बीएचयू आईटी निदेशक प्रो. एसएन उपाध्याय ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस बात पर तो संतोष जताया कि सरकार ने आखिरकार बीएचयू आईटी की सुध ली, लेकिन यह आशंका जताने से भी नहीं चूके कि मामला फिर ठंडे बस्ते में न चला जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को प्राथमिकता से कैबिनेट की मंजूरी लेकर यह घोषणा कर देनी चाहिए। यदि संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) से पूर्व ऐसा होता है तो आईआईटी ब्रोशर में बीएचयू का नाम भी छपेगा। इससे यहां बेहतर छात्र प्रवेश लेंगे और संस्थान को तमाम सुविधाएं मिल सकेंगी। गौरतलब है कि देश के प्राचीन तकनीकी संस्थानों में शुमार आईटी बीएचयू का स्थान आठवां है। नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के खुलने के बाद से इसके पिछड़ने की आशंका बढ़ गई थी, जिसको देखते हुए शिक्षकों, पुरातन छात्रों और छात्रों ने मुहिम छेड़ रखी है।

चैन से नहीं बैठेगा भारत : पीएम

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने साफ कहा है कि मुंबई हमले के दोषियों को जब तक सजा नहीं दी जाती भारत तब तक चैन से नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान से आतंकवादियों के सभी ढांचे और उनकी सुरक्षित पनाहगाह को उखाड़ फेंकने की उम्मीद करता है। मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि एक साल पहले हुए हमले से लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष समाज कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता से हम नहीं डिगेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुंबई हमला देश की बाहर की उन ताकतों की सोची समझी चाल थी जो हमारी धर्मनिरपेक्ष शासन प्रणाली और सांप्रदायिक सद्भाव को नष्ट करना चाहते हैं। ऐसी ताकतों को इस बात पर कोई संदेह नहीं होना चाहिये कि वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होंगी। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान मुंबई के हमलावरों को सजा दिलाने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रहा है। हालांकि चार्जशीट दायर होने को उन्होंने सकारात्मक कहा। सिंह ने कहा कि यह हमारी दृढ़ धारणा है कि पाक अपने यहां बेखौफ घूम रहे मुंबई हमलों के दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिये और ठोस कदम उठा सकता है। साजिश पाक में ही रची गई थी। सिंह ने कहा कि अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि घुसपैठ रोकने के लिए वह पाक पर दबाव डालेगा। **एजेंसी** मनमोहन की साफगोई : संपादकीय ▸▸

मुंबई के जख्म

कर्मचारी मुआवजा संशोधन बिल पास

नई दिल्ली। लोकसभा ने बुधवार को दूरगामी प्रभाव वाले कर्मचारी मुआवजा संशोधन विधेयक 2009 को पारित कर इसके तहत मूल्य सूचकांक के अनुरूप केंद्र और राज्य सरकारों को श्रमिकों का मुआवजा बढ़ाने की अनुमति दी जिसके तहत अब बार बार कानून में संशोधन नहीं करना पड़ेगा। श्रम एवं रोजगार मंत्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस संशोधन के तहत अब जोखिम वाले क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों की न्यूनतम 20 की संख्या को हटा दिया गया है।

अब अगर किसी जोखिम वाले क्षेत्र में एक व्यक्ति भी काम करता है तो वह किसी प्रकार की क्षति होने पर मुआवजे का हकदार होगा। खड़गे ने बताया कि इस संशोधित कानून से अब जोखिम का शिकार हुए कर्मियों का मुआवजा बढ़ाने के लिए बार बार संशोधन नहीं करना होगा। **एजेंसी**

भाजपा की मिलीभगत से गिरा विवादित ढांचा

बयान

लिब्राहन आयोग की रिपोर्ट कांग्रेस को बचाने के लिए

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिब्राहन आयोग की रिपोर्ट को कांग्रेस का ड्रामा बताते हुए कहा कि वह भले ही शुतुरमुर्ग की तरह बालू में अपना सिर छिपाने की कोशिश कर ले पर विवादित ढांचे के विध्वंस की जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है। कहा कि छह दिसंबर की शर्मनाक घटना कांग्रेस- भाजपा की मिलीभगत के बिना संभव ही नहीं है। साथ ही समाजवादी पार्टी ने भी उन्माद पैदा कर इस घटना में अपना पूरा योगदान दिया। कहा कि विवादित स्थल के मामले में प्रदेश सरकार अदालत के फैसले पर पूरा अमल करेगी

लिब्राहन आयोग की रिपोर्ट पर चुप्पी तोड़ते हुए बुधवार को पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जानबूझ कर इस रिपोर्ट को लीक कर दिया। अब एक्शन टेकन रिपोर्ट पर भी लीपापोती की जा रही है। आयोग ने कांग्रेस को बचाने का काम किया है। जब दोषियों को अदालत में चल रहे मामलों में ही दंडित किया जाना है तो फिर इस आयोग पर 17 साल तक करोड़ों रुपये खर्च करने का क्या औचित्य था। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने भाजपा का भय दिखा कर उन्माद पैदा किया। अब कांग्रेस व भाजपा अब इस मुद्दे पर जनता में उन्माद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। **ब्यूरो**

भीतर

शिक्षा सुधारों पर घिर गए कपिल सिब्बल - पेज 2
ओबामा ने हिंदी में किया मनमोहन का स्वागत - पेज 2
एलआईयू और पासपोर्ट कर्मचारियों पर केस दर्ज - पेज 3
बजरडीहा में पौ फटते ही लाखों की डकैती - पेज 5

साफगोई खेल मंत्री ने माना, ओलंपिक की मेजबानी के लिए देश तैयार नहीं

दावेदारी से पहले गरीबी देखिए

नई दिल्ली। खेल मंत्री एमएस गिल का मानना है कि भारत ओलंपिक की मेजबानी के लिए दावेदारी करने की स्थिति में नहीं है। राज्यसभा में बुधवार को उन्होंने इस सुझाव से असहमति जताई कि यदि अगले साल राष्ट्रमंडल खेल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो भारत को ओलंपिक के लिए दावेदारी करनी चाहिए। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए तैयारियों में हो रहे विलंब से चिंतित राज्यसभा सदस्यों को गिल ने हालांकि भरोसा दिलाया कि केंद्र और दिल्ली सरकार इस पर ध्यान केंद्रित कर रही है और आयोजन पूरी तरह सफल रहेगा।

गिल ने कहा, 'हमारे कुछ सहयोगी सामान्य तौर पर कह देते हैं कि हमें ओलंपिक के लिए दावेदारी करनी चाहिए। मैं निश्चित नहीं हूं कि भारत को यह करना चाहिए।' उन्होंने यह बात सपा सदस्य जया बच्चन की इस टिप्पणी के जवाब में कही कि राष्ट्रमंडल खेलों से ओलंपिक के आयोजन की दावेदारी करने का अवसर मिला है। बच्चन ने साथ में यह आशंका भी जताई थी कि धीमी तैयारियों के कारण राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन कहीं देश के लिए अपमानजनक अनुभव न बन जाए। खेल मंत्री ने कहा, 'देश की गरीबी की ओर देखिए, चीन ने ओलंपिक के लिए 50 अरब डालर खर्च किए। यदि आप इतना खर्च करने को तैयार है तो... कुछ लोग इसे पसंद करते हैं और मजा उठाते हैं, क्योंकि यह उनके लिए अच्छा मनोरंजन है।' मंत्री के इस बयान का विरोध करते हुए जया बच्चन ने उन्हें व्यक्तिगत आधार पर टिप्पणी नहीं करने को कहा। इस पर गिल ने कहा, 'यह व्यक्तिगत आधार पर की गई टिप्पणी नहीं है। यह एक नीति है।' **एजेंसी**

■ गिल का दावा, राष्ट्रमंडल खेलों पर ध्यान केंद्रित कर रही सरकार

"धीमी तैयारियों के कारण राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन कहीं देश के लिए अपमानजनक अनुभव न बन जाए -जया बच्चन

महंगाई काबू करने के दावे खोखले

नई दिल्ली। महंगाई काबू करने के यूपीए सरकार के लंबे-चौड़े दावों की पोल संसदीय समिति ने खोल दी है। समिति के मुताबिक केंद्र ने न तो खेती का उत्पादन बढ़ाने को पूरा पैसा दिया और न ही वह जमाखोरों व कालाबाजारियों पर कानून का शिकंजा कसने में सफल रहा। पकड़े जाने के बावजूद जमाखोर सजा से बचे रहे। दूसरी ओर, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नजर रखने वाला सरकारी विभाग अंधेरे में तीर चलाता रहा और गेहूं, चावल व दालों के दाम आसमान छूते रहे।

खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी संसद की स्थाई समिति ने कहा कि दालों की कीमत चढ़ती जा रही हैं, लेकिन फिर भी सरकार ने इसे आवश्यक वस्तु एक्ट-2006 के तहत जरूरी वस्तुओं की सूची में शामिल नहीं किया है। **ब्यूरो**